अमेरिकी न्याय मंत्रालय सामुदायिक संबंध व्यवस्था

COVID-19 महामारी के दौरान समुदायों की सेवा

अमेरिकी न्याय मंत्रालय सामुदायिक संबंध व्यवस्था (CRS) "अमेरिका के शांतिदूत" के रूप में उन संघर्ष में समुदायों के लिए विवादों की मध्यस्थता करके और भविष्य के संघर्षों को स्वतंत्र रूप से रोकने और हल करने के लिए सामुदायिक क्षमता को बढ़ाकर कार्य करता है।

▼ फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (FBI) के अनुसार, एक संघीय घृणा अपराध एक "किसी व्यक्ति या संपत्ति के विरुद्ध एक आपराधिक जुर्म है जो किसी जाति, धर्म, विकलांगता, यौन अभिविन्यास, जातीयता, लिंग या लिंग पहचान के प्रति अपराधी के पूर्वग्रह से पूर्ण या आंशिक रूप से प्रेरित है।"

1964 के नागरिक अधिकार अधिनियम के टाइटल 10 तहत स्थापित और मैथ्यू शेपर्ड और जेम्स बर्ड, जूनियर द्वारा विस्तारित, 2009 का हेट क्राइम प्रिवेंशन एक्ट, CRS उन समुदायों जो नस्ल, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, लिंग पहचान, यौन अभिविन्यास, धर्म और विकलांगता के अंतर से उत्पन्न होने वाले सामुदायिक संघर्षों का प्रत्युत्तर देता है। CRS के पास जांच या अभियोजन का अधिकार नहीं है। बल्कि, CRS संघर्ष में डूबे समुदायों के साथ रिश्तों के पुनर्निर्माण, आपसी समझ बढ़ाने में और स्थानीय समाधानों के विकास को प्रोत्साहित करने में मदद के लिए काम करता है। CRS का पेशेवर स्टाफ सीधे राज्य और स्थानीय अधिकारियों, समुदाय-आधारित संगठनों, समुदाय और नागरिक अधिकारों के अधिवक्ताओं, विश्वास-आधारित समूहों और कानून प्रवर्तन के साथ स्वैच्छिक आधार पर और बिना किसी लागत के काम करते हैं। CRS एक तटस्थ-तीसरे पक्ष के रूप में कार्य करता है, और इसकी सेवाएं गोपनीय होती हैं।



COVID-19 महामारी के दौरान CRS समर्थन ▼

सामाजिक दूरी के इस समय, CRS की सुलह विशेषज्ञों की टीम अभी भी सभी 50 राज्यों और अमेरिकी क्षेत्रों में समुदायों की सेवा के लिए ऑनलाइन और टेलीफोन पर उपलब्ध है।

CRS आभासी सेवाएं ▼

CRS आभासी सेवाओं में शामिल हैं परामर्श, सुविधाजनक सामुदायिक संवाद और बैठकें, और शैक्षिक वेबिनार जो सामुदायिक समूहों और अन्य हितधारकों को घृणा अपराधों की रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं और संसाधनों के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं, और पूर्वग्रह की घटनाओं और घृणा अपराधों की रोक और प्रतिक्रिया पर केंद्रित कार्य योजनाओं के विकास का समर्थन कर सकता है। अन्य सेवाओं में प्रशिक्षण, सुलह और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है।

एक साथ बड़ी संख्या में हितधारकों के साथ जानकारी साझा करने के हेतु, इसके अतिरिक्त, CRS शैक्षिक मंच प्रदान करता है जिसे वेबिनार के रूप में आयोजित किया जा सकता है।

- CRS द्वारा समर्थित **पूर्वग्रह की घटनाएं और घृणा अपराध फोरम**, स्थानीय और संघीय कानून प्रवर्तन और समुदाय-आधारित संगठनों को पूर्वग्रह की घटनाओं और घृणा अपराधों को रोकने के दृष्टिकोण पर और प्रतिक्रिया साझा करने के लिए चर्चा पर बुलाता है। यह मंच सूचनाओं के आदान-प्रदान और हितधारकों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने की सुविधा भी देता है।

- **पूजा स्थलों की रक्षा करने वाला फोरम** समुदायों को संभावित खतरों से पूजा स्थलों की रक्षा में मदद के लिए सर्वोत्तम प्रथाएँ प्रदान करता है। घृणा अपराध कानूनों, सक्रिय शूटर स्थितियों और धार्मिक भवनों में शारीरिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी और संसाधन प्रदान करने के लिए मंच स्थानीय, राज्य और संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों और आस्था-आधारित संगठनों को एक संवाद में बुलाता है।

CRS से संपर्क

CRS से संपर्क करने के लिए, कृपया askCRS@usdoj.gov. पर ईमेल भेजें। कृपया अपने ईमेल में उस राज्य या यू.एस. क्षेत्र को नोट करें जहां आप रहते हैं या सेवाएं चाहते हैं। CRS सुलह विशेषज्ञ देश भर में 10 प्रादेशिककार्यालयों और चार क्षेत्रीय कार्यालयों में स्थित हैं। प्रादेशिक कार्यालय बोस्टन, न्यूयॉर्क सिटी, फिलाडेल्फिया, अटलांटा, शिकागो, डलास, कैनसस सिटी, डेनवर, लॉस एंजलिस और सिएटल में स्थित हैं। मायामी, डेट्रॉइट, ह्यूस्टन और सैन फ्रांसिस्को में क्षेत्रीय कार्यालय हैं।

CRS के बारे में अधिक जानकारी के लिए जाएं: justice.gov/crs.

हम कहाँ काम करते हैं

- न्यू इंग्लैंड क्षेत्र
- पूर्वोत्तर क्षेत्र
- मध्य-अटलांटिक क्षेत्र
- दक्षिणपूर्वी क्षेत्र
- मध्य पश्चिमी क्षेत्र
- दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र
- मध्य क्षेत्र
- रॉकी पर्वतीय क्षेत्र
- पश्चिमी क्षेत्र
- उत्तर पश्चिमी क्षेत्र
- क्षेत्रीय कार्यालय
- प्रादेशिक कार्यालय
- CRS मुख्यालय कार्यालय



अलास्का हवाई पोर्टो रिको और वर्जिन द्वीप समूह ग्वाम

हमें ढूंढें, हमसे जुड़ें

www.justice.gov/crs

facebook.com/DOJCRS/ @DOJ_CRS askcrs@usdoj.gov 202.305.2935